हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

4
कलेक्टर पहुंचे धान खरीदी केंद्र, लिया जायजा



**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना विधायक ने दिखाई हरी झंडी



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 के तहत द्वितीय चरण में तीन रूट हेतु जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया गया। इस दौरान लगभग 100 ग्रामीण जन उपस्थित थे। इसमें दोकड़ा से दुलदुला, कांसाबेल से रनपुर ओर तेलाईन से फरसाबहार चौक तक रूट निर्धारित हैं। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से जिले के ग्रामीण अंचलों के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधाजनक परिवहन का लाभ मिलेगा। यह पहल ग्रामीण अंचलों में बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करने और आम जनता की आवागमन को और अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। द्वितीय चरण के उद्घाटन कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जुदेव, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू एवं डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिध एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**कांसाबेल।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत कांसाबेल के श्रद्धालुओं का आज विशेष दल पवित्र धाम की श्रीरामल्ला दर्शन आध्यात्मिक यात्रा पर रवाना हुआ। सुबह कांसाबेल से बस को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं में धार्मिक उल्लास और उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम में नारायण दास, जनपद के कर्मचारी एडीइओ आशा एक्का, करारोपण अधिकारी श्री बघेल, सचिव जयराम चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह योजना उनके लिए आत्मिक शांति और ईश्वर के दर्शन का अद्भुत अवसर लेकर आई है।जिले में लगातार मिल रही इस योजना की सौगात से आमजन में उत्साह एवं धार्मिक आस्था और मजबूत हो रही है।

### बूथ लेवल एजेंट के साथ हुई बैठक



**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग नई-दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में संपादित कराये जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुरनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट के साथ विगत दिवस 09 दिसम्बर को बैठक सम्पन्न हुआ। निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 198 एवं मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला कुमेकेला अर्हता दिनांक 01 अक्टूबर 2025 के संदर्भ में मतदाता सूची में सम्मिलित निर्वाचकों को गणना पत्र उपलब्ध कराया गया। निर्वाचकों से भरा हुआ गणना प्रपत्र वांछित दस्तावेज के साथ प्राप्त किया गया। 30 नवम्बर 2025 तक कुल 893 भरा हुआ गणना प्रपत्र प्राप्त हुआ। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत बीएलओ व बीएलओ सुपरवाईजर एवं प्रशासनिक तंत्र से जुड़े हुए अन्य सहयोगी कर्मी के द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं घर-घर जाकर निर्वाचकों का सत्यापन किया गया।

## पत्थलगांव में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन

# चेकमेट जशपुर शतरंज स्पर्धा में चमके जिले के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर






जिले में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तर्कशीलता, निर्णय कौशल तथा खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चेकमेट एट जशपुर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल और विकासखंड स्तर के बाद आज पत्थलगांव के पीएम श्री स्कूल में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह में विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय एवं कलेक्टर श्री रोहित व्यास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

- विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार किए गए प्रदान

प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। अतिथियों ने फाइनल के आठ विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह तथा रैंक के अनुसार 2,000 से 5,000 रुपये तक के नगद पुरस्कार प्रदान गए। प्रथम स्थान पर बगीचा के प्रिंस ठाकुर रहे, जिन्हें 5,000 रुपये और विजेता कप प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान पर प्रांजल शर्मा बगीचा को 3,000 रुपये और ट्रॉफी दी गई। तृतीय स्थान पर जशपुर के एलेन एफल लकड़ा रहे, जिन्हें 2,500 रुपये का पुरस्कार मिला। चौथे स्थान पर हर्ष साहू को 2,500 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। पांचवें स्थान पर मनोरा के राज्य वर्धन सिंह, छठे स्थान पर पत्थलगांव के सतीश तिग्गा, सातवें स्थान पर सिद्धिविनायक एक्का और आठवें स्थान पर कांसाबेल के योगेश पैंकरा को 2,000 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ऑर्बिटर को भी समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमामय बनाया। प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई और समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों के उत्साह तथा खेल भावना का विशेष रूप से प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि यह खेल जीवन की चुनौतियों का सामना करना सिखाता है और कठिन परिस्थितियों में भी संतुलित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। विधायक ने बच्चों से कहा कि वे खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाएँ और निरंतर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखें। समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाता है। उन्होंने कहा कि यह खेल बच्चों में धैर्य, समय-प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता और रणनीतिक सोच विकसित करता है। कलेक्टर ने बच्चों को नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाले समय में जशपुर के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी अलग पहचान बनाएंगे।

### तीन चरणों में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता

चेकमेट एट जशपुर कार्यक्रम के तहत जिले के सभी शासकीय, अशासकीय व अनुदान प्राप्त हाई तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों में शतरंज प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताएं चरणवार आयोजित की गई। पूरे आयोजन में बालक और बालिका दोनों एकसाथ भाग लिए तथा इसमें किसी भी प्रकार की आयु या कक्षा संबंधी बाध्यता नहीं रही। अभियान के दौरान जिले के विद्यालयों में उत्साह का माहौल रहा और विद्यार्थियों में शतरंज के प्रति बढ़ती रुचि स्पष्ट रूप से दिखाई दी। जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए चेकमेट एट जशपुर कार्यक्रम से जिले में कई प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ी उभरकर सामने आए। विद्यालयों में शतरंज खेलने वाले विद्यार्थियों का चयन उपरांत चयनित विद्यार्थियों को 01 से 03 दिसम्बर तक खेल कालखंड में प्रतिदिन एक घंटे का प्रशिक्षण दिया गया। जिसका संचालन खेल प्रशिक्षक तथा शतरंज में दक्ष शिक्षक द्वारा किया गया। प्रशिक्षण उपरांत 04 एवं 05 दिसम्बर को विद्यालय स्तर पर नॉकआउट पद्धति से प्रतियोगिता कराई गई। इसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को विद्यालय की असेंबली में प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके बाद 06 से 08 दिसम्बर तक विकासखंड स्तर की प्रतियोगिता सेजेस विद्यालयों में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा आयोजित की गई। इस चरण में विद्यालय स्तरीय विजेता और उपविजेता खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से हुई तथा क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अंतिम चरण में आज जिला स्तरीय प्रतियोगिता पत्थलगांव में आयोजित की गई। इसमें प्रत्येक विकासखंड से शीर्ष 08 खिलाड़ी जिला स्तर पर भाग लिए। प्रतियोगिता नॉकआउट प्रारूप में हुई तथा अंतिम आठ स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नशे की हालत में पूरे शहर में बस को घुमाता रहा खलासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





शहर में मंगलवार की शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एक बस के खलासी ने नशे की हालत में बस को पूरी तरह अनियंत्रित अवस्था में शहरभर में दौड़ा दिया। थोड़ी सी देर और होती तो यह लापरवाही एक बड़ा जन-हानि वाला हादसा बन सकती थी।

- घर को किया क्षतिग्रस्त, युवक घायल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस स्टैंड में बस को लगाने के लिए निकला सन्नी बस का खलासी नशे की हालत में था और बस पर से नियंत्रण खो बैठा। इसी दौरान बस ने सन्ना रोड स्थित मंदिर के पास एक घर के मुख्य दरवाजे में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद भी बस नहीं रुकी और तेज रफ्तार में भागती रही। उसके बाद बस बेकाबू अवस्था में महाराज चौक, देवी मंदिर, जिला अस्पताल, थाना परिसर एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने से होती हुई गम्हरिया मार्ग की ओर निकली। रास्ते भर लोग और वाहन चालक बस से बचने के लिए इधर-उधर होते रहे और शहर में दहशत का माहौल बन गया। बस इसके बाद गिरांग मोड़ के रास्ते वापस शहर में लौटी, जहां नदी मार्ग पर चलते हुए ग्राम बघिमा निवासी एक युवक को जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद भी बस आगे बढ़ती रही, लेकिन कुछ दूर जाकर सड़क किनारे बने गड्ढे में फंसकर रुक गई।

### पुलिस ने किया स्थिति पर नियंत्रण

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देशमुख, रामप्रताप यादव, रवि राम सहित पूरी पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से खलासी को हिरासत में ले लिया, जबकि घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवाकर उपचार शुरू किया गया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### बिना लाइसेंस के चला रहा था, बस हुई जब्त

पुलिस की जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि नशे में बस चला रहे खलासी के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। इसके बावजूद वह खुद बस चला रहा था। पुलिस ने 'सन्नी बस'को जब्त कर लिया है और आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई जारी है। साथ ही बस मालिक और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है कि लाइसेंस रहित व्यक्ति व नशे की हालत में बस कैसे चला रहा था।

# डीईओ ने प्राचार्यों की ली समीक्षा बैठक





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के समस्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक सरस्वती शिशु मंदिर पत्थलगांव के सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी पी के भटनागर और यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने बोर्ड परीक्षा परिणाम, पाठ्यक्रम पूर्णता, बच्चों की नियमित उपस्थिति, खराब परिणाम और मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों के लिए अध्ययन की रणनीति, जेईई में आवेदन, विद्यालय में अध्यापन आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर ने कार्तिक उरांव स्कूल मुडापारा के प्राचार्य को समीक्षा बैठक में लिपिक को प्रतिनिधि के रूप में भेजने पर शो नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अनुपस्थित प्राचार्यों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। खराब परीक्षा परिणाम वाले होलीक्रॉस विद्यालय पत्थलगांव का निरीक्षण करने का निर्देश विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव को दिया। साथ ही खराब परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों की पुनः बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

### शत प्रतिशत परिणाम का लक्ष्य

नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के लक्ष्य के अनुरूप विद्यालय में अध्यापन, और प्रतिदिन तीन विषयो के नब्बे मिनट के कालखंड में ब्लूप्रिंट के आधार पर विभिन्न अंकों के प्रश्नों के उत्तर लिखने के अभ्यास पर चर्चा की गई।

### जेईई एवं नीट की तैयारी को ले विस्तृत चर्चा

जिला शिक्षा अधिकारी श्री भटनागर और नोडल अधिकारी श्री गुप्ता ने संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव जाकर शिक्षकों की बैठक लेकर विद्यार्थियों की विषयवार प्रगति, बोर्ड परीक्षा मेरिट की तैयारी की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जेईई और नीट की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की।

### ये रहे उपस्थित

समीक्षा बैठक में बीईओ वेदानंद आर्य, यशस्वी जशपुर के अवनीश पाण्डेय, एबीईओ नित्यानंद छत्तर, बीआरसीसी जगन्नाथ पाढ़ी भी उपस्थित रहे।

# अवैध धान जब्त, सरहदी राज्यों से धान तस्करी के खिलाफ अभियान तेज

**जशपुरनगर।** जिले में अवैध धान तस्करी पर लगाम लगाने पुलिस का अभियान लगातार जारी है। बुधवार को थाना लोदाम और चौकी कोल्हेनझरिया पुलिस ने मिलकर तीन अलग-अलग वाहनों से कुल 367 क्विंटल अवैध धान पकड़ा है। जप्त धान की बाजार कीमत 8 लाख 44 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में की गई। मंडी बैरियर में ट्रक से मिला 300 क्विंटल धान 8 दिसंबर को लोदाम पुलिस मंडी बैरियर के पास नाका चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक सीजी-12-एटी-8565 को रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक में 634 बोरी में 300 क्विंटल धान मिला। चालक शशिकांत साहू उम्र 37 वर्ष, निवासी इंदौर ने धान को गुमला, झारखंड से लाना बताया, लेकिन कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने ट्रक सहित धान जप्त कर जिला प्रशासन को सौंप दिया। पिकअप और ट्रैक्टर पकड़ा गयाइसी दिन कोल्हेनझरिया पुलिस ने गश्त के दौरान एक बिना नंबर की पिकअप और ट्रैक्टर सीजी-13-एआर -3071 से 67 क्विंटल धान बरामद किया। पिकअप चालक शीत कुमार यादव उम्र 27 वर्ष ने धान को सुंदरगढ़ ,उड़ीसा से लाना बताया, जबकि ट्रैक्टर चालक संदीप बड़ा उम्र 40 वर्ष, निवासी माटीपहाड़ कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। दोनों वाहनों को धान सहित प्रशासन को सौंप दिया गया।



### अब तक 1000 क्विंटल से अधिक अवैध धान पकड़ा गया

पुलिस की इन संयुक्त कार्रवाइयों में कुल 792 बोरी में 367 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है। एसपी ने बताया कि जशपुर पुलिस सरहदी राज्यों से अवैध धान के आवागमन पर लगातार नजर बनाए हुए है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# किसानों की समस्या सुनने पहुंची निगरानी समिति



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धान खरीदी केंद्र कोतबा में व्याप्त अव्यवस्था, सर्वर डाउन और 2400 क्विंटल की लिमिट के कारण किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर हाल ही में प्रकाशित खबर पर मुहर लग गई है। खबर के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के बाद, आज बुधवार को कांग्रेस की निगरानी समिति के सदस्य सुमित शर्मा और सुकृत सिंह ने मंडी प्रांगण का औचक दौरा किया और परेशान किसानों की समस्याओं से रूबरू हुए।निगरानी समिति के सामने किसानों का गुस्सा फूट पड़ा।

किसान रामेश्वर, तिग्गा लोहर साय, कन्हाई राम और नरसिंह ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वे पिछले 3 दिनों से टोकन के लिए मंडी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। जब वे समिति के कर्मचारियों से बात करते हैं, तो कभी ₹जगह नहीं है₹ तो कभी ₹लिमिट खत्म होने₹ का बहाना बनाकर उन्हें टाल दिया जाता है। समस्या केवल टोकन तक सीमित नहीं है। तकनीकी खामियों ने भी अन्नदाताओं की नींद उड़ा रखी है। किसान सबल साय पैंकरा, मोहन यादव और हरि पैंकरा ने बताया कि बड़ी मुश्किल से उनका रकबा सुधरा था, लेकिन अब टोकन काटते समय अचानक रकबा फिर से घटा हुआ दिखाया जा रहा है, जिससे वे असमंजस में हैं। वहीं, किसानों ने एक और गंभीर समस्या को उजागर करते हुए बताया कि अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर श्रीमती सलीमा मिंज का दो दिन पहले ही अचानक स्थानांतरण कर दिया गया। उनकी जगह आए नए ऑपरेटर को सिस्टम समझने में समय लग रहा है, जिससे कार्य की गति धीमी हो गई है और भीड़ बढ़ती जा रही है।


हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
सर्वर डाउन और लिमिट के फेर में उलझे अन्नदाता

### जल्द बढ़ेगी लिमिट

किसानों की इन गंभीर समस्याओं को सुनने के बाद निगरानी समिति के सदस्य सुमित शर्मा ने मौके से ही जिला कलेक्टर रोहित व्यास से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने कलेक्टर को स्पष्ट किया कि कोतबा जैसे बड़े केंद्र पर ₹टोकन की समस्या का निराकरण खरीदी की लिमिट बढ़ाने से ही संभव होगा।₹ इस पर जिला कलेक्टर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया है कि जल्द ही धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाएगी और किसानों की अन्य समस्याओं का भी त्वरित निराकरण किया जाएगा।

## बगीचा में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

# 2100 कलशों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बगीचा में आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ आज भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। नगर में चारों ओर पीत वस्त्रों से सुसज्जित मातृशक्तियों ने आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। नगर की विभिन्न दिशाओं से निकली कलश यात्राएं स्थानीय डोड़की स्थल पर एकत्रित हुईं, जहां 2100 कलशों में जल पूजन कर देवशक्तियों का आवाहन किया गया और यज्ञशाला में उनका विधि-विधान से स्थापना की गई। यज्ञीय अनुष्ठान के प्रथम दिवस की शुरुआत गायत्री परिवार बगीचा द्वारा संपन्न कलश शोभायात्रा से हुई। पूरे नगर को विचार क्रांति अभियान के पीले ध्वजों और पुष्प सज्जा से अलंकृत किया गया। गायत्री प्रज्ञा पीठ बगीचा, शिव मंदिर रौनी रोड तथा झांपीदरहा दुर्गामंदिर से निकली कलश यात्राओं ने पूरे नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे प्रज्ञा पुरोहित आदरणीय दिनेश जी पटेल, भूषण साहू, छविलाल जी, हेमलाल जी एवं गणेश जी का स्वागत यज्ञ समिति द्वारा ससम्मान किया गया।

- शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रज्ञापुत्रों ने कराया कलश पूजन

### वंदन एवं आरती महिला मंडल ने किया

पहले दिवस के मुख्य संबोधन में टोली नायक दिनेश पटेल ने कहा कि यह महायज्ञ सभी के दुख निवारण एवं विचार निर्माण का अवसर है। उन्होंने कहा हम सबमें देवत्व का वास जागृत हो, व्यक्ति के विचार बदलें—इसी उद्देश्य से यह यज्ञीय अनुष्ठान आयोजित है। कार्यक्रम में 'माता तेरे चरणों में स्थान जो मिल जाए' जैसे सुमधुर गायन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि जहां गायत्री यज्ञ होता है, वहां लोगों का दृष्टिकोण स्वतः परिवर्तन की ओर अग्रसर होता है। श्री पटेल ने गुरु शंकराचार्य के उद्धरण के माध्यम से बताया कि मनुष्य को मनुष्यता, देवत्व और श्रेष्ठ गुण—ये तीन चीजें दुर्लभ हैं, और ऐसे महायज्ञ विशेष दैवीय अनुग्रह का अवसर प्रदान करते हैं।

### प्रातः 9 बजे से तीन दिनों तक चलेगा यज्ञ

उन्होंने बताया कि जैसे नदियां समुद्र में जाकर मिल जाती हैं, वैसे ही यज्ञ के माध्यम से मनुष्य के दोष और कषाय शांत होकर देवत्व की ओर प्रगति होती है। यज्ञ जीवन का अनुशासन है, और जो हम यज्ञ में अर्पित करते हैं, उसका शुभ फल हमें अनेक गुना प्राप्त होता है। शास्त्रों में यज्ञ को सर्वोत्तम कर्म कहा गया है। आयोजकों ने बताया कि अनुष्ठान आगामी तीन दिनों तक चलेगा। कल प्रातः 9 बजे से यज्ञ हवन, देवपूजन एवं देव आवाहन की विधियां संपन्न होंगी।

### छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक संवर्ग की अंतिम चयन सूची हुई जारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा 2023- 24 की अंतिम चयन सूची जारी की गई है, जिसमें जिला जशपुर हेतु 102 आरक्षक (जीडी) व 4 आरक्षक ट्रेड सहित कुल 106 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन सूची जारी किया गया है, व अभ्यर्थियों की प्रतिक्षा सूची भी जारी की गई है। चयन सूची पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर व पुलिस कंट्रोल रूम जशपुर में चस्पा की गई है, अभ्यर्थी के द्वारा वहां जाकर भी चयन सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### विद्युत विस्तार के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन करने मांगी अनुमति

**बिहारपुर।** क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में बार-बार सर्वे करने की खानापूर्ति करने एवं विद्युत विस्तार नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने करौटी ए के सरपंच गजमोचन सिंह के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की अनुमति मांगी है। सरपंच गजमोचन सिंह ने बताया कि क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक गांव विद्युत विहीन हैं। विद्युत विस्तार के नाम पर विभाग कई बार सर्वे करा चुका है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। क्रेडा द्वारा गांवों में लगाए गए 70 फीसदी सोलर पॉवर प्लांट महीनों से बंद बड़े हैं जिससे खेती-किसानी, बच्चों की पढ़ाई सहित अन्य कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस संबंध में शांतिपूर्वक जनतांत्रिक तरीके से अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

### बाल विवाह के विरोध में छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**रजपुरीकला।** एक्सेस टू जस्टिस की टीम सक्रिय अभियान अंतर्गत लखनपुर ब्लॉक स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों में बाल विवाह के विरोध में जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा कानून की जानकारी देकर जागरूक किया गया। रैली में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाए और बाल अधिकार संरक्षण का संदेश दिया। रैली लखनपुर के मुख्य मार्गों में भ्रमण करने के पश्चात वापस विद्यालय में आकर संपन्न हुई। इस दौरान संस्था के जिला समन्वयक अनिल कुमार, संगीता, खलखो, शशि तिर्की सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### गायत्री मंदिर में हुई छत्तीसगढ़ मानस संगठन बैठक



**भैयाथान।** छत्तीसगढ़ मानस संगठन की प्रथम बैठक रविवार को गायत्री मंदिर में किया गया। बैठक में जिले व तहसील स्तर के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सामूहिक वंदना से की गई। इसके पश्चात संगठन के उद्देश्यों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक, नैतिक व आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना है। इसी क्रम में तीन प्रमुख संकल्प लिए गए जिसमें पहला विद्यार्थियों में संस्कारात्मक शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देना, दूसरा जिन गांवों में रामायण मंडली सक्रिय नहीं है वहां नई टीम बनाकर सांस्कृतिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करना,तीसरा सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सामाजिक आयोजनों के माध्यम से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना शामिल है। बैठक में जिला व तहसील स्तरीय पदाधिकारियों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा किए और संगठन को मजबूत बनाने हेतु सुझाव भी रखे। सभी पदाधिकारियों ने एकमत होकर संकल्प लिया कि आगामी दिनों में गांव-गांव पहुंचकर सांस्कृतिक जागरण और समाज सेवा के कार्यों को गति दी जाएगी। जिला स्तरीय बैठक में बृजमोहन साहू, राधेश्याम कुशवाहा, रुक्मणी सिंह, राम यादव, विजय कुमार यादव, सुनील कुमार कुशवाहा, दिनेश कुमार यादव, तारा यादव, संत कुमार साहू, सीमा सिंह टेकाम, शिव चन्द राजवाडे, टेकमन राजवाडे, उपेन्द्र सिंह, बलिराम यादव, परमेश्वर यादव, मनोहर सोनी, सूरज प्रसाद सिंह मौजूद रहे।

### गौवंश तस्करी के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**बलरामपुर।** पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एनएच किनारे सेमरसोत जंगल में 17 जुलाई को एक पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। सड़क हादसे की सूचना पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पिकअप क्रमांक जेएच 07 एम 8499 में 6 रास भैस को ठूंस ठूंसकर भरा गया था और एक भैंस की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 4,6,10 पशु परिरक्षण अधिनियम, 11(1)(घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था जबकि मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद झारखंड के गढ़वा मानपुर निवासी रोजुद्दीन अंसारी आ. उस्मान अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी गौवंश की तस्करी का काम करता है। आरोपी रोजुद्दीन अंसारी थाना बलरामपुर के अन्य पशु तस्करी संबंधी अपराध में भी पूर्व से फरार था। पुलिस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## शासकीय भूमि में बने 9 मकानों को ढहाने पहुंची थी टीम

# अतिक्रमण हटाने के दौरान ग्रामीणों ने मचाया हंगामा, रोकनी पड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामचन्द्रपुर

मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया जब शासकीय भूमि में पीढ़ियों से निवासरत ग्रामीणों का घर ढहाने जेसीबी लेकर पहुंच गई तथा घरों को ढहाने लगी। ग्रामीणों द्वारा हंगामा मचाने से स्थिति तनावपूर्वक हो गई। स्थिति को देखते हुए प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकनी पड़ी।

**खास बातें**

- ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन से मची अफरा-तफरी
- 3 घरों को ढहाने के बाद रूकी कार्रवाई

रामचन्द्रपुर पुलिस थाना के निकट संचालित कन्या छात्रावास से सटी शासकीय भूमि विशेष समुदाय के 9 परिवार लम्बे समय से घर बनाकर रह रहे है। मंगलवार को सुबह तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला पुलिस बल एवं जेसीबी लेकर पहुंचा एवं ग्रामीणों को तत्काल अपना सामान बाहर निकालने तथा अवैध अधिग्रहण को हटाने का निर्देश दिया। प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल की घेराबंदी से परेशान ग्रामीण कुछ कर पाते कि टीम ने घरों को ढहाना शुरू कर दिया। प्रशासनिक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। प्रशासनिक टीम 3 घरों को ढहा पाई थी कि बड़ी संख्या में ग्रामीण स्थल पर पहुंच गए तथा प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करने लगे। ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर रामंचद्रपुर-सनावल-रामानुजगंज मार्ग से आवागमन बाधित कर दिया। प्रभावितों ने तहसीलदार पर मनमानी करने एवं नोटिस दिए बिना घरों को ढहाने का आरोप लगाया जबकि अधिकारियों का कहना है कि तहसील कार्यालय द्वारा अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस जारी की गई थी ग्रामीणों के कब्जे वाली शासकीय भूमि में छात्रावास निर्माण प्रस्तावित है।



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### घेर लिया तहसीलदार को

प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसीलदार को घेर लिया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस अधिकारियों ने मोर्चा संभाला तथा ग्रामीणों को समझाइश देकर सुरक्षित बाहर निकला। इस दौरान तनाव बढ़ता देख अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया। उपस्थित पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों द्वारा बार-बार समझाइश देने के बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हो रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने भीषण ठंड में ग्रामीणों को बेघर करने की कार्रवाई को असंवेदनशील बताते हुए ठंड समाप्त होने के बाद कार्रवाई करने की मांग की। स्थिति तनावपूर्ण होते देख टीम ने तीन घरों को ढहाने के बाद कार्रवाई रोक दी। अंत में प्रदर्शनकारियों को पुलिस थाना में बुलाकर अधिकारियों ने आगे की कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

### गांव में तनाव

वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन उपरांत प्रशासनिक टीम वापस लौट गई है लेकिन अभी भी गांव में तनाव की स्थिति है। जिन लोगों का घर ढहाया गया है उनमें सबर हुसैन व फिदा हुसैन आ.अदीब हुसैन एवं नवरूद्दीन आ.अलाउद्दीन शामिल है। पीड़ितों ने बिना नोटिस जारी किए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। एसडीएम के निर्देश पर कार्रवाई को रोक दी गई है। एसडीएम ने ग्रामीणों को तहसील कार्यालय में आवेदन देने एवं प्रशासन द्वारा आवेदनों की सुनवाई प्रमुखता पूर्वक करने के आश्वासन दिए है।

**-मनोज नौरंग**
थाना प्रभारी, रामचंद्रपुर

## समझाइश देने पर युवकों ने वृद्ध के घर फेंका पेट्रोल बम

**अम्बिकापुर।** शहर में अब पुलिस का भय खत्म सा हो गया है। ऐसे में अब असामाजिक तत्वों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए है कि समझाइश देने वालों को न सिर्फ जान से मारने की धमकी देते है बल्कि घर पर भी हमला कर देते है। कुछ तरह का मामला सामने आया है जहां एक वृद्ध को नशे में धुत युवकों को समझाइश देना इतना महंगा पड़ गया कि नशे में धुत युवकों ने न सिर्फ वृद्ध को जान से मारने की धमकी दिया बल्कि वृद्ध के घर पर पेट्रोल बम फेंक दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार रसुलपुर निवासी मो. नसीम खान आ. स्व. फकीर मोहम्मद (60 वर्ष) 7 दिसंबर को घर जा रहा था। जैसे ही बरेज तालाब के समीप पहुंचा तभी वहां पहले से मौजूद 5-6 युवक गाली गलौज कर रहे थे। जिसे देख नसीन खान ने गाली-गलौज करने से समझाइश देते हुए मना कर घर जाने की बात कही। कुछ समय बाद सैय्यद सैफ अली आ. सब्बीर, मोनाजिर आ. गुलाम मुर्तजा, लाला आ. शहाबुद्दीन एवं उनके अन्य 4 साथी वृद्ध के घर के सामने आकर वृद्ध को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और घर पर पेट्रोल बम फेंके।

पेट्रोल बम फेंकने से घर की छत में आग लग गई और छत को नुकसान हुआ। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 125, 287, 288, 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## शीतलहर से फिलहाल राहत की नहीं संभावना दो दिनों से पारा 5 डिग्री के निकट स्थिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अभी भी सरगुजा में शीतलहर का प्रकोप जारी है। न्यूनतम पारा में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई है लेकिन शीतलहर पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है। पिछले दो दिनों से पूरे दिन पश्चिमोत्तर की तेज रफ्तार सर्द हवाएं चल रही हैं जिससे कनकनी बढ़ गई है।

इस बार नवम्बर में कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद दिसम्बर का महीना शुरू होते ही पारा में गिरावट होने लगा तथा 4 दिसम्बर को पारा 4.6 डिग्री पहुंचने के साथ ही शीतलहर का प्रकोप शुरू हो गया। अभी भी लगातार पश्चिमोत्तर की हवाएं अपने साथ बर्फ की ठंडक लेकर पहुंच रही है जिससे वातावरण में कनकनी बढ़ गई है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर ऊपरी स्तर के बादलों की आवाजाही शुरू हुई थी। बादल एवं हवा के प्रभाव से पारा में आंशिक गिरावट भी दर्ज की गई लेकिन अभी भी न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री पर स्थिर है। दिन के तापमान में वृद्धि हुई है तथा अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। दिन में अच्छी धूप निकलने के कारण लोग राहत महसूस कर रहे हैं लेकिन घरों के भीतर दिन में भी ठंड महसूस हो रही है। कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है तथा बड़ी संख्या में लोग मौसमी बीमारियों से प्रभावित है। ठंड बढ़ने के कारण अब सुबह देर तक सड़कें वीरान रह रही हैं तथा शाम ढलते ही बाहरी सड़को पर सन्नाटा छा जा रहा है। पूर्व में विक्षोभ के प्रभाव से शीतलहर से राहत मिलने की संभावना जताई जा रही थी लेकिन शीत लहर पर विक्षोभ का कोई असर नहीं दिख रहा है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी शीतलहर का प्रभाव जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सर्द हवाओं के प्रवाह से पिछले दो दिनों से बादल छंट गए है तथा आसमान साफ हो गया है। पिछले दो दिनों से पूरे दिन पश्चिमोत्तर की हवाएं चल रही हैं जिससे पाला जमना बंद हो गया है। हालांकि तापमान अभी भी सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे बना हुआ है। फिलहाल कोई मौसमी घटक सक्रिय नहीं होने के कारण मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक तापमान के यथावत रहने के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि फिलहाल कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है जिसके कारण आगामी दो दिनों तक तापमान में बदलाव होने की संभावना नहीं है।

### चली 20 किमी रफ्तार की हवाएं

मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले दो दिनों से पूरे दिन पश्चिमोत्तर की तेज रफ्तार हवाएं चल रही है। सुबह 9 बजते ही पश्चिमोत्तर की हवाएं चलनी शुरू हो जा रही हैं तथा शाम तक हवाओं का प्रवाह जारी रहा है। 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं कंपकपी बढ़ा दे रही है। शाम ढलने के बाद अधिक ठंड पड़ रही है।

## पुट्टी करने के दौरान हाईटेंशन तार से सटकर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** मकान में पुट्टी करने के दौरान छत के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। गंभीर रूप से झुलसे हुए युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और घटना की जांच जारी है।

- अंगडाई लेने के लिए खड़े किए थे हाथ, आया तार के चपेट में

बताया जा रहा है कि दरिमा के ग्राम कंठी निवासी 27 वर्षीय बहुरन आ. ईश्वर राम 8 दिसम्बर को गांव के सूरज के साथ मजदूरी करने के लिए शहर में आया था। दोनों युवक घुटरापारा में राजेन्द्र प्रसाद सोनी के घर में पुट्टी का काम कर रहे थे। पुट्टी का काम भवन के द्वितीय तल पर चल रहा था और इसी स्थान पर छत के ऊपर से एक हाईटेंशन तार गुजरा हुआ था। काम करने के दौरान युवक बहुरन राम बैठकर पानी पीने लगा और फिर अचानक ही झटके से खड़ा हो गया। युवक ने खड़े होकर अंगडाई लेने के लिए जैसे ही हाथ ऊपर किए वह हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसे हुए युवक को उपचार के लिए साथियों ने आनन फानन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच जारी है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर वृद्धा की गई जान

लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम जुड़वानी निवासी हीरमनिया बाई पति स्व. नंदलाल (55 वर्ष) जिसका कुछ साल से दिमागी हालत ठीक नहीं था। गत दिन परिजन उसका इलाज कराने जडगत तुमान लेकर गए है तथा इंजेक्शन लगवाने के बाद परिजन घर लेकर आ गए। इसी बीच देर रात वृद्धा ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन वृद्धा को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पर्यावरण संरक्षण मंडल ने करंजी रेलवे कोल साइडिंग को बंद करने जारी किया नोटिस

**बिश्रामपुर।** करंजी रेलवे कोल साइडिंग एक बार फिर विवादों और प्रशासनिक कार्रवाई के दायरे में आ गई है,छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने 8 दिसंबर को क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर से नोटिस जारी करते हुए रेलवे कोल साइडिंग को बंद करने की चेतावनी जारी की है,पर्यावरण विभाग ने उक्त नोटिस जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 33(ए) और वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 31(ए) के तहत जारी किया गया है,ज्ञात हो कि गत दिनों 5 दिसंबर को राजस्व विभाग और पर्यावरण अधिकारियों ने करंजी रेलवे कोल साइडिंग का संयुक्त निरीक्षण किया था,निरीक्षण में जो बातें सामने आईं, उन्होंने पूरे क्षेत्रीय प्रशासन को चौंका दिया है,यहां पर निरीक्षण के दौरान साइडिंग बिना वैध कंसेंट टू ऑपरेट चल रही थी,धूल नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई थी,इस लापरवाही से आसपास के गांवों में धूल प्रदूषण की समस्या बढ़ने की शिकायत लंबे समय से उठ रही थी,नोटिस में पर्यावरण बोर्ड ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि साइडिंग को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए,बिजली एवं अन्य सभी सुविधाएं तुरंत काट दी जाए। बिना वैध अनुमति के पुनः संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा,बोर्ड ने साइडिंग संचालक को 15 दिनों का समय दिया है कि वह अपनी आपत्तियां दाखिल करे और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करे,यदि तय समय में जवाब नहीं मिलता तो बोर्ड सीधे बंदी आदेश लागू कर देगा,बिजली-पानी की आपूर्ति रोक दी जाएगी और आगे कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी,स्थानीय स्तर पर इस नोटिस की खबर फैलते ही कोल परिवहन कंपनियां,वाहन मालिक,ठेकेदार और आसपास के ग्रामवासियों में सरगर्मी बढ़ गई है,यदि कोल साइडिंग पूर्ण रूप से बंद हो जाती है तो जिले में कोल डिस्पैच और सामग्री परिवहन पर बड़ा असर पड़ सकता है,पर्यावरण क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर बोर्ड ने स्पष्ट संकेत दिया है कि बिना पर्यावरण अनुमति, धूल नियंत्रण और सुरक्षा मानकों के कोई भी संचालन स्वीकार्य नहीं होगी।

- 15 दिन में मांगा गया जवाब
- कोल परिवहन कम्पनी, ट्रक मालिकों की बढ़ रही मुश्किलें

## सवारी से भरा पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, एक मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम मसनकी बेदमी घाट के समीप सवारी से भरा पिकअप दुर्घटना ग्रस्त हो गया जिससे वाहन में सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ओड़गी अंतर्गत ग्राम मसनकी उपरपारा निवासी जय कुमार अंकित केसरी यहां जूता चप्पल बेचने तथा मजदूरी का काम करता था। 7 दिसंबर को अंकित केसरी के साथ ग्राम बेदमी साप्ताहिक बाजार गया था। शाम को पिकअप क्रमांक जेएच 03 एसी 9956 से अंकित केसरी, प्रदुमन केसरी, सुरेन्द्र केसरी, दुर्गेश केसरी के साथ वापस आ रहे थे। चालक जैसे ही वाहन लेकर ग्राम मसनकी बेदमी घाट के समीप पहुंचा तभी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में गंभीर चोट लगने से जय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वाहन में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को ओडगी अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार बाद इलाज हेतु जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर कर दिया जहां घायलों का उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, गोंगपा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चंदौरा–पकनी–जजावल मार्ग में हो रहे निर्माण में अनियमितताओं को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही जांच और सुधार करने की मांग की।

गोंगपा के संभागीय महासचिव चन्द्रदीप कोरचो ने बताया कि चंदौरा–पकनी–जजावल मार्ग पर लगभग 14 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता को दरकिनार कर निर्माण किया जा रहा है। गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सड़क को तोड़कर फिर से निर्माण होना था, ठेकेदार उसी पुराने मटेरियल को दोबारा उपयोग में ला रहा है, जिससे सड़क की मजबूती संदेह के दायरे में है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण में मिट्टी व मुरुम का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है, जबकि निर्धारित मानकों के अनुरूप ठोस सामग्री का प्रयोग होना चाहिए। यह मार्ग प्रतापपुर विकासखंड कार्यालय से जुड़ता है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवाजाही करते हैं, परंतु ठेकेदार की मनमानी और विभागीय ढिलाई के चलते सड़क निर्माण की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। गोंगपा पदाधिकारियों ने गुणवत्ता युक्त निर्माण किए जाने की मांग की है। साथ ही गोंगपा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान संभागीय सचिव राजकुमार पोया, किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष देवनारायण, सत्यनारायण आयाम, रामविचार सिंह, धर्मपाल पोया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो, विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य शिवभरोष बेक, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास कुमार एक्का, प्राचार्य डॉ. एस के टोप्पो ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि जल जंगल और जमीन जनजातीय समाज की जीवन रेखा है। इसे बचाने के लिए जनजातीय समाज को काफी संघर्ष करना पड़ा है दुश्मनों से जूझना पड़ा है। जनजातीय समाज प्रकृति पूजक है और जल जंगल और जमीन की हमेशा से उन्होंने प्रकृति के रूप में पूजा की है। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में शिवनारायण भगत सचिव कल्याण आश्रम सरगुजा गंगाराम पैंकरा प्रतिनिधि कंवर समाज एवं प्रदीप नागदेव प्रतिनिधि नगेसिया समाज उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए गंगाराम पैकरा ने कहा कि आदिवासी और आयुर्वेद एक दूसरे के पूरक है लेकिन मौजूदा दौर में जनजातीय समाज काफी हद तक इससे दूर हो चुका है। हमे जनजातीय समाज के इस प्राचीन परंपरा को बचाये रखना है। प्रदीप नागदेव ने कहा कि नगेसिया समाज का अतीत काफी संघर्षशील एवं समृद्धशाली रहा है। ये समाज अपनी परंपरा और देश की अखंडता के लिए हमेशा अपनी कुर्बानी दी है। शिवनारायण भगत ने कहा कि जनजातीय समाज मे एक से बढ़कर एक महान व्यक्ति हुए है जो अमर है। उन्होंने संत गहिरा गुरु माता राजमोहिनी देवी के विषय मे बताते हुए कहा कि इनसे प्रेरणा लेकर अच्छे कर्म करते हुए युवा पीढ़ी को आगे आना चाहिए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और पारंपरिक वेशभूषा में रैंप वॉक, पारंपरिक व्यंजन एवं पोस्टर प्रदर्शनी समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर विधायक रामकुमार टोप्पो ने सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं को नगद इनाम की घोषणा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस कार्यशाला का संचालन डॉ. सी टोप्पो, डॉ. प्रवीण साहू एवं आभार प्रदर्शन सुनील नाग ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका प्रो शशिमा कुजूर, प्रो स्नेहलता खलखो, डॉ. रोहित बरगाह, प्रो बी आर चौहान, प्रो शीला तिर्की, प्रो सरिता देव, शारीरिक शिक्षक धीरज मिश्रा, आदेश गुप्ता समेत महाविद्यालय के कर्मचारी छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय का अभाव कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ स्थित बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं होने से यात्रियों की परेशानी काफी बढ़ गई है। आलम यह है कि यात्री सड़क किनारे ही खड़े होकर बस का इंतजार करते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के लोगों ने यात्री प्रतीक्षालय की लंबे समय से मांग कर रहे है लेकिन आज तक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं हो सका। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि दैनिक रूप से आने-जाने वाले यात्रियों तथा स्कूली बच्चे प्रतीक्षालय के अभाव में बस की प्रतीक्षा सड़क किनारे एवं दुकानों के सामने खड़े होकर करते है। मुख्य मार्ग होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन आवागमन करती है ऐसे में सड़क किनारे खड़ा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस विषय को गंभीर बताते हुए प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड परिसर में सुरक्षित, मानक अनुरूप एवं समुचित क्षमता वाला यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाए। लोगों का कहना है कि यात्री प्रतिक्षालय नहीं होने के कारण बारिश, अत्यधिक धूप तथा शीतकालीन परिस्थितियों में यात्रियों, विशेषकर स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।






## कैबिनेट मंत्री ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर, उदयपुर में करोड़ो रुपए की लागत से तैयार विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है और हर आवश्यक परियोजना को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने बिनकरा में सरस्वती शिशु मंदिर भवन का भूमिपूजन किया। इस भवन के लिए मंत्री ने अपने विधायक मद से 20 लाख रुपए की राशि प्रदान की है। गांव के ही भाजपा कार्यकर्ता पसिंदर राजवाड़े के पूरे परिवार द्वारा स्कूल के लिए लगभग 50 डिसमिल भूमि का दान किया गया है। वहीं उन्होंने गुमगरा खुर्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया, इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो खासतौर पर रात्रिकालीन सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा मंत्री ने ग्राम पंचायत लटोरी में 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया, उदयपुर विकासखंड के अंतर्गत चैनपुर-खमरिया मार्ग पर रेहंड नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य के लिए 11 करोड़ 86 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम को राजेंद्र जायसवाल, दिनेश साहू, राकेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, अखंड विधायक सिंह एवं प्रबोध सिंह ने भी संबोधित किया।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style

# सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं



अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।

हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार


**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?''कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम



बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।

# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

## अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

## कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

## इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

## इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।









**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप



### शिक्षा, स्वास्थ्य पर एनएसएस व यूनिसेफ ने बढ़ाया कदम

**जशपुरनगर।** यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'सुरक्षित पारा-सुरक्षित लइकामन 3.0' ग्राम संपर्क अभियान अंतर्गत शासकीय बाला साहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी के स्वयंसेवकों की टीम एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामानुज प्रताप सिंह धुर्वे के नेतृत्व में तृतीय दिवस ग्राम पंचायत धुमाडांड़ के प्राथमिक विद्यालय डीपाटोली में ग्राम सम्पर्क अभियान आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय गीत के साथ की गई तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने स्वयंसेवकों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, नशामुक्ति, गुड टच-बैड टच, बाल अधिकार तथा शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता लाना है। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से बच्चों को संतुलित आहार, शारीरिक स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य,बाल श्रम के दुष्प्रभाव, शिक्षा के महत्व तथा नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। प्रधान पाठक लव कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं बाल सुरक्षा आदि विषयों पर यदि बचपन से ही बच्चों को नुक्कड़ नाटक, रैली एवं गीतों के माध्यम से जागरूक किया जाए तो निश्चित ही नव निहालों का भविष्य अच्छा होगा, आगे उन्होंने स्वयंसेवकों के उत्साह, सेवा-भाव और जागरूकता गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्हें सफल अभियान के लिए बधाई देते हुए सभी स्वयंसेवकों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे, शिक्षक, रसोइया शामिल रहे।

### पालना कार्यकर्ता के लिए 23 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ अंतर्गत पालना कार्यकर्ता के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 23 दिसंबर तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। परियोजना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ के अंतर्गत स्वीकृत पालना केंद्रों के तहत ग्रामीण एवं नगरीय निकाय क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र दया गली, वार्ड क्रमांक 35 में एक पद रिक्त है, जिसकी पूर्ति हेतु यह प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

### उप निर्वाचन अधिकारी ने की समीक्षा

**सारंगढ़।** जनपद पंचायत बरमकेला में अपर कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी प्रकाश सर्वे की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के कार्यों की प्रगति और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हेतु बीएल, बीएलओ, सुपरवाइजर, मास्टर ट्रेनर तथा अधिकारी, कर्मचारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने चल रहे पुनरीक्षण कार्य की महत्ता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता की आधारशिला है।

### धान की नमी मापी, तौल देखा एवं किसानों से की विस्तृत चर्चा

# कलेक्टर पहुंचे धान खरीदी केंद्र, लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास ने धान खरीदी केंद्र केराकछार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में खरीदी व्यवस्था, तौल प्रक्रिया और किसानों को उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वे सबसे पहले ग्राम करमीटिकरा से धान बेचने आए किसान भुजबल से मिले और उनसे खेती किसानी, धान उपज तथा समिति में खरीदी प्रक्रिया की जानकारी ली।

कलेक्टर ने तौलाई किए जा रहे धान की स्थिति को समझने के लिए स्वयं मॉइश्चर मशीन से आद्रता मापी तथा किसानों के सामने खड़े होकर धान तौल करवाकर प्रक्रिया की पारदर्शिता परख़ी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फड़ प्रभारी, ऑपरेटर, नोडल अधिकारी एवं ग्रामीणों से बारीकी से चर्चा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध धान की खरीदी किसी भी हालत में न होने दी जाए। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध बारदाना, बारिश से बचाव हेतु कैप-कवर, तिरपाल व्यवस्था और भंडारण की स्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने धान खरीदी एवं बारदाना पंजी का अवलोकन करते हुए पंजीयन अनुसार जारी टोकन और रकबा का भौतिक मिलान भी किया। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान किसानों के लिए बैठने की सुविधा, पेयजल उपलब्धता, परिवहन व्यवस्था तथा मांग के अनुसार पर्याप्त बारदाना उपलब्धता की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त रहें, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, व्यवस्थित और किसानों के अनुकूल होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और खरीदी केंद्रों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जिले में मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह



कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री की घोषणा और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा जहां प्रशासन गांवों की और के तहत जिला स्तरीय शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि अब प्रत्येक माह चिन्हांकित गांवों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर और विकास खंड स्तर पर भी शिविर लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि आगामी 21 दिसंबर से पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा जहां सभी 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाएं जाना है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा छुटने न पाए इसका विशेष ध्यान रखें। जिले के लगभग 1 लाख 15 हजार से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

## कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाया पानीपत युद्ध का पाठ



**विद्यालय के सुचारू संचालन के लिए व्यवस्थाओं में सुधार के दिए आवश्यक निर्देश**

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज पत्थलगांव क्षेत्र के सुखरापारा पहुंचकर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि खुद इतिहास के शिक्षक बनकर बच्चों को पानीपत के तीसरे युद्ध का महत्वपूर्ण पाठ भी पढ़ाया। निरीक्षण के बीच आठवीं कक्षा में पहुंचे कलेक्टर श्री व्यास ने विद्यार्थियों से पढ़ाई, रहने और भोजन व्यवस्था की जानकारी लेने के बाद उनसे इतिहास विषय पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों को विस्तार से बताया कि पानीपत का तीसरा युद्ध मराठा एवं अफगान सेना के बीच 1761 में लड़ा गया था, जिसके परिणाम स्वरूप भारतीय सत्ता संरचना में बड़ा बदलाव आया और अंग्रेजों के वर्चस्व का मार्ग प्रशस्त हुआ। बच्चे कलेक्टर की ऐतिहासिक व्याख्या को बड़े ध्यान से सुनते रहे। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय सिंह, एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, लैब, लाइब्रेरी, किचन, डाइनिंग हॉल और छात्रावास का भी बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने लाइब्रेरी में आवश्यक पुस्तकें बढ़ाने, विज्ञान प्रयोगशाला को आवश्यक उपकरणों सहित सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने और विद्यार्थियों को प्रोटीन युक्त संतुलित आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। किचन में भोजन बनाने में मदद हेतु उपलब्ध मशीनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने और छात्रावास के प्रत्येक कमरे में बच्चों के पढ़ाई के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखने के भी निर्देश दिए।

## किसानों को दलहन-तिलहन फसलों के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिले की सभी समितियों में किसानों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के पहले दिन 09 दिसंबर को आरा, आस्ता, नारायणपुर, चोंगरीबहार, तपकरा, विमड़ा, घरजियाबथान, केराकछार, कुरोंग, किलकिला एवं पण्ड्रापाठ समितियों में आयोजित कार्यक्रमों में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहनी एवं तिलहनी फसलें लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही कृषि आय बढ़ाने के विभिन्न प्रभावी तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपसंचालक कृषि ने बताया कि कार्यशाला में किसानों को जानकारी दी गई कि सरकार द्वारा जिले की कुल 09 समितियों में उपार्जित दलहनी-तिलहनी फसलों को प्राइस सपोर्ट पर खरीदने की व्यवस्था की गई है। धान की फसल जहां अधिक पानी की मांग करती है, वहीं दलहनी एवं तिलहनी फसलें कम पानी में अधिक क्षेत्र में उगाई जा सकती हैं, जिससे किसानों की आय स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। इस संदर्भ में वैज्ञानिक खेती, लागत में कमी, बाजार उपलब्धता और फसल विविधीकरण के लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में विभागीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले अनुदान एवं तकनीकी सहायता की जानकारी भी किसानों को प्रदान की गई। किसानों ने उत्साहपूर्वक धान के स्थान पर दलहनी, तिलहनी, उद्यानिकी फसलें, साथ ही मछली पालन और पशुपालन अपनाने में सहमति जताई। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और कृषक मौजूद रहे।

■ विभागीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले अनुदान एवं तकनीकी सहायता की दी गई



### कृषि उत्पादन प्रतियोगिताः प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में विकासखंड, जिला, संभाग एवं प्रांत स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छी उपलब्धि प्राप्त करते हुए विद्यालय, विकासखंड एवं जिला का नाम गौरवान्वित किए हैं,वहीं 8 नवंबर को जिला स्तरीय युवा महोत्सव में शास.उच्च.माध्य. विद्यालय बासनताला के छात्र दुर्गेश राम कृषि उत्पादन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर पुनः विद्यालय, अंचल एवं विकासखंड कुनकुरी का सम्मान बढ़ाया है तथा यह साबित कर दिया है कि, संसाधनों की कमी भी दृढ़ इच्छा शक्ति के सामने कामयाबी को नहीं रोक सकती। प्राप्त बड़ी उपलब्धि से सफलता प्राप्त करने वाले छात्र दुर्गेश राम के चेहरे में जहां एक ओर खुशियों की लहर छाई है वहीं पूरे विद्यालय परिवार में खुशनुमा माहौल बना हुआ है। प्राचार्य विनय प्रभा खलखो तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा होनहार छात्र दुर्गेश राम को शुभकामनाएं दी गई तथा प्राचार्य द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी खान ने कहा कि, बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती, जरूरत है हम शिक्षकों को सकारात्मक सोंच के साथ काम करते हुए विद्यार्थी जो देश के भविष्य हैं।

## चिरायु योजना बच्चों के लिए भी बनी संजीवनी





**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना बच्चों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना ने न केवल कई मासूम बच्चों को नई जिंदगी दी है, बल्कि गरीब परिवारों के चेहरों पर भी फिर से मुस्कान लौटा दी है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर चिरायु टीम जिले के विभिन्न स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में सक्रिय रूप से जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर रही है। गंभीर बीमारी या जन्मजात विकृति पाए जाने पर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य संस्थानों में निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी चिरायु के मार्गदर्शन में विकासखंड पत्थलगांव की चिरायु टीम के द्वारा अलग-अलग स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर जन्मजात हृदयरोग, कटे-फटे होंठ एवं तालू तथा अन्य शल्य-चिकित्सा योग्य बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान की गई। बीमारी की पुष्टि होने पर 3 बच्चों को रायपुर ले जाकर उनका सफल एवं निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। इनमें आंगनबाड़ी केंद्र गौटियापारा, कोतबा में जांच के दौरान 4 वर्षीय समीर खड़िया जन्मजात हृदयरोग से पीड़ित पाए गए। चिरायु टीम ने उन्हें रायपुर भेजकर निःशुल्क हृदय ऑपरेशन कराया। इसी प्रकार प्राथमिक शाला धनुपारा, मुड़ाबहला में 8 वर्षीय स्तुति तिर्की में जन्मजात हृदयरोग पाया गया, जिनका सफल उपचार कराया गया और आंगनबाड़ी केंद्र कार्राडांड, चिकनीपानी के 01 वर्षीय जॉन्सन टोप्पो के होंठ एवं तालू में विकृति पाए जाने पर उनका भी रायपुर में निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। आज तीनों बच्चे स्वस्थ हैं और उनके मासूम चेहरों की मुस्कान माता-पिता के जीवन में नई उम्मीद और सुकून भर रही है। परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और चिरायु टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गरीब परिवारों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। सरकार ने उनकी पीड़ा को समझकर बच्चों का उपचार निःशुल्क कराकर उन्हें नया जीवन दिया है। उल्लेखनीय है कि चिरायु योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में जाकर बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की जाती है। जांच के बाद 44 प्रकार की बीमारियों और विकृतियों की पहचान कर आवश्यकता अनुसार बच्चों को देशभर के श्रेष्ठ अस्पतालों में भेजकर उनका उपचार कराया जाता है।

■ रायपुर में तीन बच्चों का हुआ निःशुल्क सफल ऑपरेशन

## उद्यानिकी कॉलेज में दो-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**कोतबा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कोतबा में 8 और 9 दिसंबर 2025 को आयोजित दो-दिवसीय अंतरकक्षा-स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को उत्साहपूर्वक समापन हुआ। महाविद्यालय के अधिष्ठाता अरबिन्द कुमार साय के मार्गदर्शन और मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए इस आयोजन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता अरबिन्द कुमार साय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल अनुशासन सिखाते हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी अनिवार्य हैं।

प्रतियोगिता के दौरान वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्र फेंक तथा 100 से 1500 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। मैदान पर विद्यार्थियों का जोश देखते ही बन रहा था, वहीं दर्शकों ने तालियों से उनका मनोबल बढ़ाया।इस अवसर पर डॉ. मुकेश खरसन, डॉ.जय किशन भगत, डॉ.अभिलाष मिश्रा, डॉ.ग्लोरिया स्मिता किस्पोटा, डॉ.विजय कुमार कश्यप और परमेश्वर यादव सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव, स्कूल के दिनों को याद कर हुए भावुक



**जशपुरनगर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना में पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की पूर्व छात्राओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना था, ताकि वे अपने जीवन यात्रा, अनुभव और उपलब्धियां वर्तमान छात्राओं से साझा कर उन्हें प्रेरित कर सकें।

कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सच्चे देशभक्त व गरीबो के मसीहा कहे जाने वाले स्व. वीर नारायण सिंह छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके बाद एकलव्य विद्यालय सन्ना की वर्तमान छात्राओं द्वारा पूर्व छात्राओं का स्वागत, पुष्पगुच्छ प्रदान कर तथा स्वागत गीत से किया। इसके पश्चात सभी पूर्व छात्राओं ने अपने अपने अनुभव साझा किए कि किसी तरह वे विषम स्थितियों को झेल कर आज इस मुकाम पर पहुंची है। इसके बाद वर्तमान छात्राओं द्वारा समूह गान, एकल गान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समूह प्रस्तुति देकर उपस्थित जनो को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय द्वारा पूर्व छात्राओं हेतु विभिन्न खेल का भी आयोजन किया गया, जिसमें वर्तमान एवं पूर्व छात्राओं ने भी बढ़चढ़ का भाग लिया। एलुमनी मीट- 2025 में विद्यालय की 58 पूर्व छात्राएं सम्मिलित हुई, जिसमें से ज्यादातर छात्राएं किसी न किसी संस्थान में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है, जिसमें से डिप्टी कलेक्टर 1, फूड इंस्पेक्टर 1, एम.बी.बी.एस. इंटर्नशिप 1, मेडिकल ऑफिसर एवं चिकित्सा के क्षेत्र में 3, इंजीनियर 1, सहायक ग्रेड तीन 2, सरपंच 1 उपस्थित रहीं, आगामी वर्ष में और भी पूर्व छात्राओं को सम्मिलित कराया जाएगा। अनित कुमार चटर्जी, प्राचार्य ने कहा कि मानव समाज में नारी शिक्षा का विशिष्ट महत्व है, क्योंकि कोई भी काम चाहे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक हो बिना स्त्री के पूर्ण नहीं होता, एक अच्छे समाज का निर्माण का आधार नारी है, नारी सामज की निरंतर तथा उत्पादकता का प्रमुख आधार है, नारी जब शिक्षक होती है, तो वह न केवल खुद सशक्त होती है बल्कि पूरा परिवार और समाज प्रगति करता है, और हमें यह सौभाग्य मिला है, कि हमने गरीब आदवासी परिवार की छात्राओं को अध्यापन कराया है।

## एनईएस में रासेयो ने मनाया मानवाधिकार दिवस



**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के संगठन व्यवस्था के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में मानवाधिकार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.यूएन लकड़ा ने कहा कि "मानवाधिकार किसी भी लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला हैं। इन अधिकारों के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, समानता और स्वतंत्रता प्राप्त होती है, जो राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।"जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर की सचिव एवं कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन सुश्री श्वेता बघेल ने कहा कि "मानवाधिकार व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करता है। विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं अधिकारों की जानकारी पहुँचाना है।"अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित प्रकाश रंजन ने भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों तथा उनकी सुरक्षा संबंधी उपायों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि "संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करते हैं। इन अधिकारों की रक्षा हेतु न्यायपालिका, संवैधानिक संस्थाएं एवं शिक्षित समाज अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।"संवैधानिक मूल्यों से संबंधित विषयों पर छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रवि गुप्ता पिता उमेश गुप्ता आयु 29 वर्ष जाति रौनियार निवासी कोतबा तह. बागबहार जिला-जशपुर छ.ग. का निवासी हूँ, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ:-

1/ यह कि मेरा वास्तविक नाम रवि (RAVI), सरनेम गुप्ता (GUPTA) एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम 'उमेश (UMESH), सरनेम गुप्ता (GUPTA) तथा जाति रौनियार है। जो सही व सत्य है।

2/यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 4247 8170 3864 एवं मेरे पैन कार्ड नं. CIYPG5487K में मेरा एवं मेरे पिता का नाम रवि गुप्ता पिता उमेश गुप्ता (RAVI GUPTA S/o UMESH GUPTA) दर्ज है।

3/ यह कि मेरे वर्ष 2012 के कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा तथा मेरे पिता का नाम 'रवि प्रसाद गुप्ता पिता उमेश प्रसाद' (RAVI PRASAD GUPTA S/o UMESH PRASAD) दर्ज है।

4/ यह कि 'रवि गुप्ता पिता उमेश गुप्ता' (RAVI GUPTA S/o UMESH GUPTA) एवं 'रवि प्रसाद गुप्ता पिता उमेश प्रसाद' (RAVI PRASAD GUPTA S/O UMESH PRASAD) दोनो नाम मेरा तथा मेरे पिता का ही नाम होने तथा अलग-अलग व्यक्तियों का नाम नहीं होने के संबंध में यह शपथ पत्र संबंधित विभाग / संस्था में प्रस्तुत करने की आवश्यकता हुई।

5/यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरे द्वारा किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं गया है भविष्य में कोई भी तथ्य असत्य या फर्जी पाया जाता है तो मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वंय की होगी।

स्थान - लैलूंगा,
दिनांक:-10/12/2025


# सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान 8 से 31 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




**जिला में लगभग 174117 घरों का किया जाएगा सर्वे**

समुदाय में कुष्ठ रोग के संक्रमण को रोकने हेतु प्रत्येक रोगियों का प्राथमिक अवस्था में पहचान कर उपचार किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिससे कि रोग के प्रसार में नियंत्रण हो एवं कुष्ठ संबंधी विकलांगता से बचा जा सके। कलेक्टर रोहित व्यास के नेतृत्व में जिले में कुष्ठ रोग की उन्मूलन के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंड एवं शहरी क्षेत्रों में 08 से 31 दिसम्बर 2025 तक सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में 05 दिसंबर 2025 को सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान की क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में लगभग 174117 घरों का सर्वे किया जाना है जिसमें लगभग 1012702 जनसंख्या को कवर किया जाना है, इसके लिए 04 एनएमए, 3645 मितानिन, 37 पुरुष सुपरवाइजर, 22 महिला सुपरवाईजर, 183 आरएचओ., 176 मितानिन प्रशिक्षकों को सर्वे दल में शामिल किया गया है। सर्वे कार्य प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक दल के द्वारा 15-20 घरों का तथा शहरी क्षेत्रों में 20-25 घरों का सर्वे किया जाएगा, प्रत्येक 05 दल के लिए 01 सुपरवाईजर रखा गया है जो सर्वे दल का मॉनिटरिंग व रिपोर्टिंग करेंगें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कुष्ठ अधिकारी जिला जशपुर ने सघन कुष्ठ सर्वे अभियान को सफल बनाने तथा प्रत्येक व्यक्ति का जांच सुनिश्चित करने हेतु आग्रह किया, तथा नागरिकों के समय को ध्यान में रखकर उनके घर पर मिलने की समय में पहुंचकर जांच करने के निर्देश दिये, तथा प्रत्येक दिवस में किये गये कार्यों की जानकारी अपने सुपरवाइजर के माध्यम से उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश दिये। सर्वे के दौरान पाये गये शंकास्पद कुष्ठ रोगियों का शत-प्रतिशत कम्फर्मेशन जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में डॉ.जीएस जात्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. आरएस पैंकरा पूर्व डीएलओ, डॉ.आशुतोष तिर्की डीएलओ एव बीएमओ लोदाम, राजीव रंजन मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी जिला जशपुर, प्रत्येक विकासखण्ड से 01 मेडिकल ऑफिसर, बीईटीओ-समस्त, समस्त एनएमए, सुपरवाईजर एवं ब्लॉक समन्वयक मितानिन कार्यक्रम उपस्थित रहे।

### गांजा तस्कर को जोबी पुलिस ने झारसुगुड़ा में पकड़ा

**रायगढ़।** पुलिस चौकी जोबी ने गांजा तस्करी के एक अंतरराज्यीय फरार आरोपी को ओडिशा के झारसुगुड़ा से दबिश देकर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी लवलेश उर्फ रविन्द्र पटेल उर्फ लवकेश पांडे, निवासी उत्तर प्रदेश, एक संगठित अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह से जुड़ा हुआ था। ज्ञात हो कि अगस्त माह में जोबी चौकी पुलिस ने ग्राम कुरु में रहने वाली महिला अनीता बाई अगरिया के घर दबिश देकर 62 पैकेट में रखा कुल 64 किलो 360 ग्राम गांजा जब्त किया था। पूछताछ में अनीता अगरिया ने खुलासा किया था कि ओड़िशा से गांजा लाकर उसके घर में डंप किया जाता था और फिर ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश भेजा जाता था। इस गिरोह में रायगढ़ की सरस्वती साहू, उसका भाई मनोज उर्फ छोटू साहू और उत्तर प्रदेश का लवकेश पांडे शामिल थे।